तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 23 नवंबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 दुर्गम अंचलों में पहुंची उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं 'नियद नेल्ला ...



14 तुमकपाल का जर्जर स्कूल बनेगा स्मार्ट, पालकों को ....



## खबर संक्षेप



### सड़कों में चल रही यात्री बसों का अग्निशमन यंत्र खराब

**जगदलपुर।** बस्तर संभागीय मुख्यालय से रायपुर, कोंटा, किरंदुल, बीजापुर, भोपालपटनम, विशाखापटनम, उड़ीसा जाने वाले यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब है, जिससे यात्रियों को बस में आग दुर्घटना होने की संभावना बढ़ी। इस पर सभी सड़कों में परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम की ओर से चल रही यात्री बसों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान टीम को यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब मिलने पर टीम ने जुर्माना की जा रही है। उड़नदस्ता प्रभारी की टीम की ओर से सड़कों में यात्री बसों की जांच की सूचना मिलते ही चालक दूसरे रोड से भाग रहे और कुछ चालकों ने बहाना कर जांच से पूर्व की बस को रोके रखा। परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार साहू ने बताया कि यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब होने से आग दुर्घटना की संभावना बढ़ने से अन्य वाहनों की जांच की जा रही है। वाहनें से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### बस्तर जिला अधिवक्ता संघ चुनाव, 23 दिसंबर को मतदान



**जगदलपुर।** अधिवक्ता संघ जगदलपुर में वर्ष 2025-2027 के लिए चुनाव की घोषणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता अशफाक अहमद खान द्वारा की गई। साथ ही सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में लीलाधर साहू, जोगेंद्र पाल सिंह, मलय झा, मनीषा खरे, वर्षा सैनी, अर्पित कुमार मिश्रा एवं गुलाम हबीब अधिवक्ताओं को नियुक्त किया गया, जो बिना किसी हस्तक्षेप के चुनाव निर्वाचन कार्य में सहयोग प्रदान करेंगे। शनिवार को निर्वाचन अधिकारी द्वारा आम सभा की बैठक बुलाकर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई। अधिवक्ता संघ जगदलपुर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष (महिला), उपाध्यक्ष (पुरुष), सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, ग्रन्थालय सचिव, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव एवं छह कार्यकारणी सदस्य का चुनाव होना है। जिसके लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है, जिसमें प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 2 दिसंबर को किया जाएगा। दावा आपत्ति के पश्चात अंतिम मतदाता सूची 5 दिसंबर को प्रकाशित होगा। 6 दिसंबर से 9 दिसंबर तक फार्म वितरण एवं 13 दिसंबर तक नाम वापसी के पश्चात 23 दिसंबर की सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान किया जाएगा एवं उसी दिन शाम 5 बजे चुनाव के बाद से गिनती पूर्ण होने तक मतगणना होगी।

# डॉ. हेडगेवार पर नाटक 'अविष्कार' की राष्ट्रभाव समर्पण और संस्कारों से ओतप्रोत प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर हाईस्कूल के मंच पर नादब्रह्म द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आद्य सरसंघचालक,युग-पुरुष डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित भव्य नाटक अविष्कार का प्रभावशाली मंचन किया गया। संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा. केदार कश्यप, अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा विशिष्ट अतिथि महेश कश्यप,सुकालूराम बघेल, विनायक गोयल, संजय पांडे एवं मुख्य वक्ता संजय तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। आयोजक प्रगति प्रयास सामाजिक सेवा संस्था व नाट्य दल ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष ने नाटक की संकल्पना, प्रस्तुति और संदेश की भरपूर प्रशंसा की। मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख संजय तिवारी ने डॉ हेडगेवार के राष्ट्रजीवन,त्याग,संगठन क्षमता और भारत माता के प्रति उनके अद्वितीय समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने आग्रह किया कि समाज एकजुट होकर राष्ट्रसेवा के उच्च आदर्शों को आत्मसात करे। इसके बाद नगर संघचालक सुबीर नन्दी ने संयोजक अरविंद उपाध्याय का सम्मान कर मंच सौंपा। नाट्य दल द्वारा भी नगर संघचालक का सम्मान किया गया। तत्पश्चात ⏭ शेष पेज 12 पर

## संस्कृति विभाग के सौजन्य से बस्तर में हुआ प्रभावशाली मंचन

### भारतमाता की जय वंदेमातरम का जयघोष

नाटक का अंतिम दृश्य अत्यंत भावनात्मक रहा। अतिथियों सहित विभाग,जिला एवं नगर के सभी संघचालकों ने डॉ हेडगेवार के चरणों में पुष्प अर्पित कर कृतज्ञता व्यक्त की। मंचन के दौरान दर्शकों में भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष गूंजते रहे। मंच संचालन स्वप्निल ने किया तथा सिद्धार्थ तिवारी का विशेष सहयोग रहा।



### नाटक अविष्कार की मुख्य झलकियां

डॉ हेडगेवार के आदर्शों पर केंद्रित कथा, राष्ट्रभाव जगाने वाला संदेश, प्रभावशाली अभिनय, 2 घंटे 15 मिनट की प्रस्तुति, नाट्य दल का सम्मान, अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि, दर्शकों में भारत माता की जय के नारों की गूंज, संघ की संगठनात्मक प्रेरणा, संस्कृति विभाग का सहयोग।

## धान खरीदी : कोंडागांव अव्वल, नारायणपुर में सबसे कम खरीदा गया

# बस्तर संभाग में अब तक 41,472 क्विंटल धान उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी में बस्तर संभाग ने रफ्तार पकड़ ली है। संभाग के सातों जिलों में अब तक कुल 41,472 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज की गई है। इनमें से सबसे अधिक खरीदी कोण्डागांव जिले में हुई है, जबकि नारायणपुर में खरीदी की बोहनी बेहद कम रही है। अपनी 5 सूत्रीय मांग पर अड़े सहकारी समिति के कर्मचारियों का हड़ताल बिना किसी मांग पूरे होते हड़ताल खत्म हो चुका है। 3 अक्टूबर से 19 नवम्बर 2025 तक सहकारी समिति के कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन आंदोलन चला,बिना नतीजा के शासन के दबाव पर हड़ताल वापस लेना पड़ा।

- सहकारी समिति कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म अब खरीदी में आएगी तेजी

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कंट्रोल रूम से प्राप्त आकंडो के अनुसार किस जिले में कितनी खरीदी साफ और सटीक आंकड़े के अनुसार कोण्डागांव कोंडागांव में सर्वाधिक 28,936 मीट्रिक क्विंटल खरीदी दर्ज की गई है,जबकि कांकेर में 8,368.80, बस्तर में 3,633.60, बीजापुर में 414, दंतेवाड़ा में 88, ⏭ शेष पेज 12 पर

### अवैध धान का परिवहन करते दो वाहन पकड़े गए, 40 क्विंटल जब्त



**बकावंड।** बकावंड के ग्राम करपावण्ड मार्ग के पास शुक्रवार सुबह 4 बजे सूचना के आधार पर तहसीलदार बकावंड मनीष वर्मा ने जांच के दौरान पाया गया कि उड़ीसा निवासी धनुरजय यादव 35 वर्ष द्वारा पिकअप वाहन क्रमांक ऑडी 24 एम 2487 एवं ओडी 24 बी 7169 द्वारा कल 40 क्विंटल धान परिवहन किया जा रहा था । जिस संबंध में एसडीएम द्वारा दस्तावेज मांगे जाने पर दस्तावेज पेश नहीं किया गया। जिस पर एसडीएम द्वारा नियम अनुसार कार्रवाई कर वाहन को जब्त कर थाना में सुपुर्द किया गया। उक्त जानकारी अनु विभागीय अधिकारी बकावड मनीष वर्मा द्वारा दी गई।

### धान खरीदी व्यवस्था चरमराई, खरीदी के सातवें दिन एक टोकन कटा



**बकावंड।** राज्य सरकार ने 15 नवंबर से समर्थन मूल्य में किसानों से धान खरीदी का शुभारंभ किया है किंतु लैम्पस कर्मचारियों की अनुपस्थिति की वजह से प्रशासन द्वारा आनन, फानन मे राजस्व एवं अन्य विभाग के शिक्षित कर्मचारियों को खरीदी केंद्र में ड्यूटी लगाई गई है जो कि कंप्यूटर ऑपरेट करने में असक्षम है। जिसकी वजह से धान खरीदी काफी हद तक प्रभावित हो रहा है। जिससे कई किसानों का टोकन अब तक नहीं कटा, और कृषकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है । खरीदी शुभारंभ होने के सातवें दिन मात्र एक टोकन कटा धान विक्रेता अपूर्ण पिता धनुर्जय निवासी बकावड ने बताया कि बड़ी मुश्किल से 7 दिन चक्कर लगाने के बाद मेरा टोकन कटा है । 12 क्विंटल 80 किलो धान खरीदी प्रभारी के द्वारा किया गया है। कृषक ने बताया जिसकी राशि मुझे अब तक प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया धान खरीदी केंद्र के चक्कर लगा रहा हूं, वहीं खरीदी स्थल गंदगी से अटा पड़ा पड़ा है, शौचालय का सालों से उपयोग नहीं हो रहा है जिसकी वजह से कृषकों को समस्या हो रही है। ⏭ शेष पेज 12 पर

- कंप्यूटर ऑपरेटर कार्य करने में असक्षम

# सीमा पर 7.14 लाख का अवैध मक्का किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हो रही है, साथ ही वहीं धान तस्कर सक्रिय हो गए हैं। पड़ोसी राज्यों से धान के अवैध परिवहन पर कड़ाई से अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके चलते तस्कर ओडिशा से छत्तीसगढ़ में लाकर इसे किसानों की आड़ में बेचने की कोशिश करते हैं। इसलिए पड़ोसी राज्यों से लगने वाली राज्य की सीमाओं को सील किया गया है और सीमावर्ती इलाकों में धान का अवैध परिवहन रोकने के लिए लगातार कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा अवैध परिवहन करने वालों पर सख्ती कार्रवाई की जा रही है। इसलिए कृषि उपज मंडी जगदलपुर की ओर से सीमावर्ती राज्य के धनपूंजी स्थित मंडी के नाका लगाया गया है, जहां मंडी के दो कर्मचारी तैनात है। नाका में शुक्रवार की रात लगभग 11 बजे एक ट्रक को रोका और उसकी तलाशी की, जिसमें 352 क्विंटल मक्का कीमत 7 लाख 14 हजार 560 रूपए मिला, जो विशाखापटनम भेजा जा रहा था। पूछताछ में पता चला कि मक्का के परिवहन का दस्तावेज फर्जी मिला, जिससे सचिव जितेन्द्र दुबे के नेतृत्व में निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार की टीम ने जप्त किया। जप्त मिले मक्का की मंडी के नियमानुसार कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

- फर्जी दस्तावेज से विशाखापटनम से भेजा जा रहा था 352 क्विंटल अवैध मक्का

### अवैध उपज की हो रही निगरानी

कृषि उपज मंडी जगदलपुर के सचिव जितेन्द्र दुबे ने बताया कि धनपूंजी नाका में मंडी के कर्मचारी तैनात किया गया है, जो उपज की परिवहन की निगरानी की जा रही है।

# तमिलनाडू व नारायणपुर की टीम सेफा में जीत दर्ज कर फायनल में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान मे सिटी ग्राउंड में आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार को खेले गए सेमी फायनल मुकाबले में तमिलनाडू व नारायणपुर की टीम ने डीएफए बस्तर व एमइजी बेंगलोर को कड़े मुकाबले में हराकर फायनल में पहुंचने में कामयाब रहे। रविवार को दोनों के बीच फायनल मुकाबला होगा। पहला सेमी फायनल मुकाबला डीएफए बस्तर विरूध तमिलनाडू पुलिस के ⏭ शेष पेज 12 पर



### नारायणपुर के खिलाड़ी दबदबा बनाने में सफल

स्पर्धा का दूसरा सेमी फायनल मुमाबला एमईजी बेंगलोर विरूध रामकृष्ण मिशन नारायणपुर के मध्य खेला गया। इस मैच में रहे। इस मैच में नारायणपुर के खिलाड़ियों ने तीन गोल किए जिसके मुकाबले बेंगलोर के खिलाड़ी एक भी गोल नही कर सके। नारायणपुर की ओर से पहला गोल जर्सी नम्बर 12 शशीकांत ने मैच के 56 वें मिनट में किया वहीं दूसरा गोल जर्सी नम्बर 17 सतोंष ने मैच के 73 वें मिनट में तथा तीसर गोल जर्सी नम्बर 16 मनीष ने मैच के 76 वें मिनट में किया। इस मैच में मुख्य निर्णायक रविन्द्र कुमार सिंग के अलावा चन्द्रशेखर ठाकुर, सी प्रफुल्ल व दीपक डहरिया रहे। स्पर्धा का फायनल मुकाबला रविवार को पूर्व वर्ष क विजेता रही तमिलनाडू पुलिस विरूध आरकेएम नारायणपुर के बीच खेला जाएगा।



# श्याम की आंखों का हुआ मोतियाबिंद ऑपरेशन, अब दुनिया देख पाएगा

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत मोतियाबिंद से पीड़ति मरीज का ऑपरेशन लगातार महारानी अस्पताल के नेत्र रोग विभाग (अंबक) में किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत 21 नवंबर को ब्लॉक बस्तर से 17 मरीज और बकावंड के दो मरीज का ऑपरेशन किया गया। विशेष उल्लेखनीय बकावंड ब्लॉक के ग्राम सोनवारा निवासी 6 वर्षीय श्याम के दोनों आंखों में जन्मजात मोतियाबिंद था, वह अपनी आंखों से देखा नहीं पा रहा था। मांगनार के नेत्र सहायक अधिकारी गुने राम सिन्हा द्वारा अन्य मरीजों के साथ श्याम का भी मोतियाबिंद का ऑपरेशन महारानी अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ (सर्जन) डॉ. सरिता थॉमस द्वारा करवाया गया, जिससे 22 नवंबर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, अब मासूम श्याम भी अपनी आंखों से दुनिया के रंगीन नजारे देखेगा। ऑपरेशन कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेत्र रोग विशेषज्ञ (सर्जन) डॉ. थॉमस, सहायक नोडल अधिकारी फिरोज खान, नेत्र सहायक अधिकारी हनुमंत राव, कविता पांडे, गायत्री कामडी, नीरज मामडीकर, अमृत राव, स्टाफ नर्स स्मिता कच्छ, वार्ड बॉय डोलेश्वर जोशी, वार्ड आया मंगली बाई ⏭ शेष पेज 12 पर

# शहर का कायाकल्प करने करोड़ों के विकास कार्यों की एकसाथ मंज़ूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के नेतृत्व में जगदलपुर शहर में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार तेज़ होती जा रही है। शहर के सर्वांगीण विकास को लेकर उनके प्रयासों के फलस्वरूप करोड़ों रुपये के विभिन्न कार्यों को वित्त विभाग से प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। यह स्वीकृति शहरवासियों के लिए खुशियों की सौगात के रूप में देखी जा रही है।

हमने बनाया है,हम ही संवारेंगे के संकल्प के साथ विधायक किरन देव ने शहर के अनेक मूलभूत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को स्वीकृति दिलाई है। इनमें प्रमुख रूप से छत्रपति शिवाजी वार्ड स्थित पंडरी तालाब का सौंदर्यीकरण,महादेव घाट का नवीनीकरण,गंगा मुंडा



- जनता के अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही सोच व दायित्व : किरण देव

तालाब के पास बीटी रोड व पाथवे निर्माण, लालबाग उद्यान का सौंदर्यीकरण, शहर में नवीन मटन मार्केट निर्माण, मुक्तिघाम खड़कघाट का सौंदर्यीकरण, आमागुड़ा चौक, गोवर्धन चौक, अतिथि होटल-रेलवे चौक का विकास कार्य, सेंट्रल लाइब्रेरी के समीप दीवार पेंटिंग, विभिन्न वार्डों में पार्क निर्माण तथा सड़क-उद्यान-घाट व अन्य संरचनात्मक विकास शामिल हैं। विधायक किरन देव ने इन स्वीकृतियों के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जगदलपुर में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जनता की मांग के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। शहर के तेजी से बदलते स्वरूप पर उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन सरकार के नेतृत्व में जगदलपुर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। जगदलपुर शहर में स्वीकृत विकास कार्यों में पंडरी तालाब, महादेव घाट, गंगा मुंडा तालाब, लालबाग उद्यान और विश्वकर्मा मंदिर उद्यान का सौंदर्यीकरण,मुक्तिघाम खड़कघाट का नवीनीकरण, एनएमडीसी चौक, गोवर्धन चौक और आमागुड़ा चौक का व्यापक विकास,शहर के लिए नवीन मटन मार्केट निर्माण,बीटी रोड व पाथवे ⏭ शेष पेज 12 पर

## स्वच्छता, पौष्टिक आहार और मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण विचार विमर्श

# युवाओं में राष्ट्रनिर्माण की जिम्मेदारी व स्वस्थ रहने का भाव जगाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को एनएसएस इकाई एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित पारा–सुरक्षित लइकामन 3.0 विषय पर दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। कुलपति प्रो एमके श्रीवास्तव, राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी,यूनिसेफ के राज्य समन्वयक अभिषेक त्रिपाठी, कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी तथा एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सजीवन कुमार की उपस्थिति में संभाग के जिला संगठक एवं कार्यक्रम अधिकारियों को बाल अधिकार संरक्षण एवं एनएसएस की वार्षिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई।

कुलपति प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता जीवन और समाज दोनों के लिए



अत्यंत आवश्यक है। प्लास्टिक रिसाइक्लिंग पर ध्यान न देने से पूरा इकोसिस्टम प्रभावित हो रहा है। उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर स्वच्छता एवं पर्यावरण के लिए छोटे प्रयासों को भी महत्वपूर्ण बताया। टेक्निकल सेशन में यूनिसेफ प्रशिक्षक अभिषेक त्रिपाठी ने स्वच्छता, पौष्टिक आहार, लैंगिक हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक व्यवहार परिवर्तन पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति दैनिक जीवन में लगभग 35 हजार निर्णय लेता है, ऐसे में मानसिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है। कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी ने युवाओं में राष्ट्रनिर्माण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर जोर दिया। विवि एनएसएस समन्वयक डॉ. सजीवन कुमार ने कहा कि एनएसएस कार्यक्रम अब परंपरागत रूप से आगे ⏭ शेष पेज 12 पर

### सभी इकाइयों को माई भारत पोर्टल से जुड़ना चाहिए

*राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ नीता बाजपेयी ने वार्षिक कार्यक्रमों की तैयारी पर दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि सभी इकाइयों को माई भारत पोर्टल से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, एनएसएस केवल सेवा नहीं, बल्कि सीखने और बदलाव का अवसर है। सुरक्षित पारा और सुरक्षित लइकामन का संकल्प समाज को स्वच्छ, स्वस्थ और सशक्त बनाता है। स्वच्छता,पौष्टिक आहार,लैंगिक हिंसा,मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार परिवर्तन,बाल अधिकार संरक्षण,एनएसएस वार्षिक गतिविधियों की रूपरेखा,माई भारत पोर्टल पर अनिवार्य पंजीयन,युवाओं में राष्ट्रनिर्माण की जिम्मेदारी,एनएसएस कार्यक्रमों में नवाचार के प्रयास है।*



## खबर संक्षेप

### बस्तर यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा 24 को

**जगदलपुर।** खेल एवं युवा कल्याण, विभाग द्वारा जिला बस्तर में एकता मार्च का आयोजन 24 नवम्बर सुबह 10 बजे से किया जाना प्रस्तावित है। उक्त मार्च विकासखण्ड बकावंड के ग्राम पंचायत करीतगांव से प्रारंभ हो टाउन क्लब जगदलपुर प्रागण में समाप्त होगी। बस्तर सांसद महेश कश्यप सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में यूनिटी मार्च कार्यक्रम किया जाएगा। एकता मार्च विकासखण्ड बकावंड के ग्राम पंचायत करीतगांव के मिनी स्टेडियम से प्रारंभ होकर मालगांव पहुंचेगा। मालगांव में मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाएगा इसके उपरांत पदयात्रा ईरिकपाल पहुंचेगा। इसके बाद ईरिकपाल से रवाना होकर जगदलपुर शहर से होते हुए दंतेश्वरी मंदिर के समीप रूद्र प्रताद देव टाउन क्लब प्रागण में सभा के रूप में समाप्त होगा। प्रशासन द्वारा आयोजन से संबंधित कार्यों हेतु विभिन्न विभागों को दयित्व सौंपा गया है।

### निष्क्रिय सरकारी बैंक खातों को करें सक्रिय

**जगदलपुर।** जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में लंबे समय से निष्क्रिय पड़े इनऑपरेटिव बैंक अकाउंट और डीफ-सरकारी बैंक अकाउंट डिपॉज़िटर एजुकेशन और अवेयरनेस फंड अकाउंट को अब पुनः संचालित किया जाएगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग से प्राप्त निर्देशों के आधार पर कलेक्टर हरिस एस द्वारा सभी आहरण एवं संवितण अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई तत्काल प्रभाव से शुरू करने निर्देशित किया गया है। शासन के निर्देशों के अनुसार इन खातों को सक्रिय करते हुए उनमें कोषालय अधिकारी के माध्यम से राशि जमा कराने तथा आगे की वित्तीय प्रविष्टियों को सुव्यवस्थित करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में जारी पत्र के साथ संलग्न मानक संचालन प्रक्रिया के बिंदु क्रमांक 3 में खाताधारक शासकीय अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया गया है।

# बड़ेबेंदरी विद्यालय के छात्र ने राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में चमकाया नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेबेंदरी के छात्र बिरेन्द्र यादव ने 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, भोपाल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। 18 से 23 नवंबर तक आयोजित इस प्रदर्शनी में उनके मॉडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया। यह पहली बार है जब कोण्डागांव जिले से किसी छात्र का मॉडल राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में प्रस्तुत हुआ।

बिरेन्द्र का मॉडल इससे पूर्व अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में चयनित हुआ था। व्याख्याता एवं मार्गदर्शक अंकित गुप्ता के निर्देशन में तैयार इस मॉडल को विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक समझ, नवीनता और प्रभावी प्रस्तुति के लिए खास सराहना दी। विद्यालय में विज्ञान गतिविधियों के विकास में व्याख्याता अंकित गुप्ता की भूमिका उल्लेखनीय रही है। 2018 में कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान 2019 में सूरजपुर में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रथम स्थान 2019 में पश्चिम भारत विज्ञान मेला, द्वितीय स्थान 2023, 2024 और 2025 में राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में लगातार प्रथम स्थान इन सफलताओं ने विद्यालय को विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई है।

**छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर जिला-प्रदेश को किया गौरवान्वित**

### जिले के लिए गौरव का क्षण

विद्यालय के छात्र बिरेन्द्र यादव की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे कोण्डागांव जिले की शैक्षणिक प्रगति को नई पहचान दी है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को विज्ञान एवं अनुसंधान की दिशा में प्रेरित करेगी।




### स्टाफ ने दी बधाई

प्राचार्य संजय ठाकुर सहित विद्यालय के शिक्षकों व स्टाफ शिव कुमार तिवारी, नरेंद्र लोन्हारे, मदन सोनेवारा, सरिता मांझी, अली बक्श शेख, तनुजा देवांगन, राजकुमार टिग्गा, निर्मल सिन्हा, धनपत नेताम, दिलीप कश्यप, कमलेश साहू, किरण पोया, वंदना भोय, अमर मरकाम, भूनेश्वर सूर्यवंशी, अनंत चौरे, अमजद पोयाम व दीपक ध्रुव ने पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी।

**आयोजन : चार सुदूर गांवों में आयोजित हुए स्वास्थ्य शिविर, ग्रामीणों को मिला त्वरित उपचार**

# दुर्गम अंचलों में पहुंची उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं 'नियद नेल्ला नार' योजना से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम पहुंची नक्सल प्रभावित इलाकों में आयुष्मान कार्ड का ऑन स्पॉट पंजीयन

राज्य सरकार अपनी प्रतिबद्धता के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदेश के सबसे दूरस्थ और दुर्गम इलाकों तक पहुँचाने का कार्य तेजी से कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रत्येक ग्रामीण को मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की परिकल्पना को "नियद नेल्ला नार" योजना के माध्यम से प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कुँवर के निर्देश पर 21 नवम्बर को जिले के चार सुदूर ग्राम-कस्तुरमेटा, बेडमाकोटी, कुतुलनार और ईरकभट्टी-में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। ये शिविर उन ग्रामीणों के





लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं, जो वर्षों से विशेषज्ञ चिकित्सकों, जांच सुविधाओं और आवश्यक दवाइयों से वंचित थे। शिविरों में पहुँचे लोगों को तत्काल उपचार, विभिन्न प्रकार की जांचें, विशेषज्ञ डॉक्टरों की परामर्श सेवाएं तथा निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही, जिन ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, उनका पंजीयन शिविर स्थल पर ही किया जा रहा है, जिससे भविष्य में गंभीर बीमारियों के लिए भी निःशुल्क उपचार का मार्ग प्रशस्त होगा। यह अभियान दुर्गम अंचलों में स्वास्थ्य-सुरक्षा की वह उम्मीद लेकर आया है, जिसका ग्रामीण लंबे समय से इंतज़ार कर रहे थे।

### सरकार की महत्वपूर्ण पहल इनकी भूमिका अहम

शिविरों में सेवाएं प्रदान करने के लिए नारायणपुर से डॉक्टर हिमांशु सिन्हा, डॉ. धनराज सिंह, डॉ. जितेन्द्र दुग्गा, डॉ. वेदांत बघेल; रायपुर से डॉ. अविनाश एवं डॉ. धीरेन्द्र; कोण्डागांव से डॉ. कुमुत खरे; तथा कांकेर से डॉ. रविन्द्र वट्टी और डॉ. कुमार सानू साहू पहुंचे। सभी विशेषज्ञ ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच और आवश्यक उपचार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।सरकार की यह पहल सिर्फ एक दिवसीय शिविर तक सीमित नहीं, बल्कि इस संदेश को रेखांकित करती है कि अब स्वास्थ्य सुविधाएं दूरी या परिस्थितियों से बाधित नहीं होंगी। राज्य का लक्ष्य हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है, और यह अभियान उस दिशा में उठाया गया एक सशक्त और प्रभावी कदम साबित हो रहा है।

### चारों गांवों में सुरक्षा बलों के सहयोग से आयोजित किए गए शिविर

- कस्तुरमेटाः पुलिस थाना आकाबेडा अंतर्गत आईटीबीपी 53वीं वाहिनी कैम्प
- बेडमाकोटीः पुलिस थाना कोहकामेटा अंतर्गत आईटीबीपी 41वीं वाहिनी कैम्प
- कुतुलनारः पुलिस थाना सोनपुर अंतर्गत बीएसएफ 133वीं वाहिनी कैम्प
- ईरकभट्टीः पुलिस थाना कोहकामेटा अंतर्गत बीएसएफ 135वीं वाहिनी कैम्प

# लघुवनोपज संघ के प्रदेश अध्यक्ष रूपसाय सलाम पहुंचे फरसगांव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया आत्मीय स्वागत

छत्तीसगढ़ राज्य लघुवनोपज संघ के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रूपसाय सलाम शनिवार की शाम करीब 5 बजे फरसगांव पहुंचे। इस दौरान रेस्ट हॉउस में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के द्वारा रूपसाय सलाम का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात रू प सा य सलाम भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने शासन की योजनाओं को ग्रामीण स्तर पर पहुंचाने एवं वन प्रबंधन समितियों के विकास और उत्थान के सम्बंध में चर्चा किया। लघुवनोपज संघ नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रूपसाय सलाम ने वन प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वनमंत्री केदार कश्यप एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव समेत संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने मुझ जैसे सामान्य से कार्यकर्ता को प्रदेश स्तर के पद पर कार्य करने का मौका दिया है। मेरा प्रयास रहेगा कि शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाते हुए लोगों को इसका लाभ दिलाया जाएगा। साथ ही समिति प्रबधकों एवं फड़मुंशियों से समन्वय स्थापित करते हुए उनका विकास व उत्थान किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थितः** स्वागत के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम, जिला महामंत्री विजय पोया, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, मंडल महामंत्री प्रवीण राव, पार्षद विनोद पांडे, तरुण साना, गणेश जायसवाल, लेमप्स अध्यक्ष सुकलाल मरकाम, सुजीत सक्सेना, हलाल नेताम सहित अन्य भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थिति रहे।

# कोंडागांव में हजारों परिवारों का पक्का घर का सपना हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- पीएमएवाई–यू के तहत बदली शहर की तस्वीर

कभी नक्सलवाद के गढ़ के रूप में पहचाना जाने वाला कोंडागांव अब विकास की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री के मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाने का सकारात्मक असर दिख रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर पालिका परिषद कोंडागांव में पीएमएवाई 1.0 चरण में कुल 2260 गरीब परिवारों को उनके पक्के घर मिल चुके हैं। यह उपलब्धि क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए उम्मीद की नई किरण बनी है। नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और पीएमएवाई टीम ने इस योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य पूर्ण कराया। पीएमएवाई 2.0 के अंतर्गत कोंडागांव नगर पालिका में अब तक 76 नए आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं और इनका निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रत्येक हितग्राही को चार किस्तों में कुल 2.50 लाख सहायता राशि प्रदान की जाएगी।



### 18 माह में घर पूर्ण करने पर मिलेगा अतिरिक्त प्रोत्साहन

योजना के तहत यदि लाभार्थी 18 माह से पहले मकान का निर्माण पूर्ण कर लेते हैं, तो राज्य सरकार की ओर से 32,850 अतिरिक्त गृह प्रवेश प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इससे लाभार्थियों में तेजी से निर्माण पूरा करने की प्रेरणा मिल रही है।

### गरीबों को मिला सम्मानजनक आवास, विकास की मजबूत नींव

यह योजना न सिर्फ गरीब परिवारों को सुरक्षित आशियाना प्रदान कर रही है, बल्कि कोंडागांव जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास की नई इबारत भी लिख रही है। लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया और इसे जीवन बदलने वाली योजना बताया।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष पर 24 को भाजपा निकालेगी एकता पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- करीत गाँव से होगी शुरुआत, माँ दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष होगा समापन

भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारियों की नई टीम के गठन उपरांत शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिलास्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 24 नवम्बर को करीत गाँव से जगदलपुर तक भव्य एकता पदयात्रा निकाली जाएगी। साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में मतदाता जागरूकता के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने निर्देशित किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि एकता पदयात्रा सुबह 11 बजे करीत गाँव से प्रारंभ होकर कोहकापाल, मालगांव, उरिकपाल होते हुए लालबाग मार्ग से माँ दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष संपन्न होगी। यात्रा के दौरान तीन सभाओं का आयोजन भी होगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा संगठनात्मक एकजुटता का परिचायक बनेगी और इसमें वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की महती भूमिका रहेगी। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि लौहपुरुष सरदार पटेल ने देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। ऐसी महान विभूतियों का स्मरण नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एसआईआर अभियान में पूर्ण सहयोग देने की अपील की। बैठक को पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप, बीएलए वन अनिल शर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव ने किया।



बैठक में निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कोहकापाल, मालगांव होते जगदलपुर पहुंचेगी

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती वर्ष पर भाजपा 24 नवम्बर को करीत गाँव से जगदलपुर तक एकता पदयात्रा निकालेगी। यह पदयात्रा कोहकापाल, मालगांव व इरिकपालपाल होते हुए लालबाग मार्ग से माँ दंतेश्वरी मंदिर के सामने संपन्न होगी। यात्रा के दौरान तीन सभाएं होंगी तथा एसआईआर अभियान के तहत मतदाता जागरूकता में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाएगी।

**80 बटालियन सीआरपीएफ और मेरा युवा भारत की संयुक्त पहल**

# दक्षिण दिल्ली रवाना हुए 40 आदिवासी युवक-युवतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



80 बटालियन सीआरपीएफ जगदलपुर एवं मेरा युवा भारत जगदलपुर के संयुक्त प्रयास से 17 वें आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम 2025–26 में शामिल होने बस्तर संभाग के 40 आदिवासी युवक-युवतियों को दक्षिण दिल्ली के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम 24 से 30 नवम्बर तक आयोजित होगा, जिसमें देश के विभिन्न आदिवासी क्षेत्रों से युवा भाग लेंगे। इस वर्ष 80 बटालियन सीआरपीएफ की ओर से 20, तथा मेरा युवा भारत, जगदलपुर की ओर से 20, कुल 40 युवक-युवतियों का दल चयनित किया गया है। प्रस्थान के पूर्व 80 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट जितेंद्र कुमार ने युवाओं से मुलाकात कर अनुशासन, सतर्कता और सकारात्मक सीख के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के लिए नए अवसरों, अनुभवों और आत्म-विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा, जिसकी उपयोगिता वे अपने समाज और क्षेत्र के विकास में कर सकेंगे।कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक आदान–प्रदान,नेतृत्व कौशल और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। यह पहल युवाओं को बड़े मंच पर अपनी पहचान बनाने और नए दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक सिद्ध हो रही है। इस दौरान 80 बटालियन सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी सुबीर राय,उप कमांडेंट मकसूद आलम,सहायक कमांडेंट ओम कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार,दुर्गेश कुमार सिंह,अधीनस्थ अधिकारी व जवान एवं मेरा युवा भारत जगदलपुर के जिला युवा अधिकारी शुभम कुमार भी मौजूद रहे।

### 17वां आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम

24 से 30 नवम्बर 2025 तक दक्षिण दिल्ली में आयोजित होने वाला 17वां आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम देशभर के आदिवासी क्षेत्रों के युवाओं को सांस्कृतिक,शैक्षिक और नेतृत्व विकास का अवसर प्रदान करने वाला एक राष्ट्रीय मंच है,जिसमें बस्तर से चयनित 40 युवक-युवतियां भाग ले रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य आदिवासी समुदायों के बीच आपसी समझ, एकता और समावेशिता को बढ़ावा देना है तथा युवा प्रतिभाओं को नए अनुभवों,सीख और अवसरों से जोड़ना है।




# मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**बकावंड।** थाना बकावंड के द्वारा विभिन्न शालाओं में अध्ययनरत मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके शिक्षा के स्तर में सुधार लाने वाले गुरुजनों को थाना प्रभारी हितेश तिवारी ने बाल सप्ताह के दौरान सम्मानित किया। इस दौरान थाना स्टाफ, विद्यार्थी व अन्य उपस्थित रहे।

### डॉ. हेडगेवार पर नाटक ...

आरंभ हुआ वह बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक नाटक, जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। 2 घंटे 15 मिनट की इस प्रभावपूर्ण प्रस्तुति में मध्यांतर के दौरान नाट्य दल का सम्मान स्मृति-चिह्न प्रदान कर किया गया।

### बस्तर संभाग में ....

सुकमा में 24.40 और नारायणपुर में सबसे कम 7.20 मीट्रिक क्विंटल खरीदी की जा चुकी है। इस तरह बस्तर संभाग में कुल उपार्जन 41,472 क्विंटल हो चुका है। सबसे ज्यादाः कोण्डागांव लगभग पूरे संभाग की कुल खरीदी का दो-तिहाई हिस्सा।दूसरे स्थान परः कांकेर लगातार सक्रिय उपार्जन केंद्रों का लाभ।सबसे कमः नारायणपुर महज 7.20 क्विंटल, खरीदी लगभग नाम मात्र की। सुकमा व दंतेवाड़ा में खरीदी धीमी, जबकि बस्तर जिले में खरीदी संतुलित गति से जारी। विदित हो कि सहकारी कल्याण समिति की अनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म हो गया है। अब आने वाले दिनों में धान खरीदी कार्य मे तेजी आने का अंदेशा है। कुल 382 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से चल रही धान खरीदी में इस बार मैदानी जिलों की तुलना में पहाड़ आंतरिक क्षेत्रों में आवक कम दिखाई दे रही है। कोण्डागांव और कांकेर में लगातार किसान पहुंच रहे हैं,जबकि नारायणपुर-सुकमा जैसे नक्सल प्रभावित इलाकों में खरीदी की रफ्तार धीमी रही।

## पेज 11 के शेष

### धान खरीदी व्यवस्था...

पीने के पानी के लिए भी समुचित व्यवस्था नहीं है। पानी के लिए कृषकों को एक किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है । बकावंड धान खरीदी केंद्र के अंतर्गत 5 ग्राम पंचायत छिनारी, सतलावण्ड, उड़ियापाल, फरसीगांव के 600 कृषक सम्मिलित हैं। लेकिन अव्यवस्था के चलते अभी तक अनेक कृषकों का टोकन नहीं कटा है। वही बारदाना की कमी किसानों द्वारा बताया जा रहा है। लैम्पस प्रबंधक पांडे से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि अभी हड़ताल समाप्त हुई है । सोमवार से व्यवस्था दुरूस्थ होगी। वर्तमान में धान खरीदी केंद्र बकावंड के वैकल्पिक राजस्व विभाग के खरीदी प्रभारी अजय राजस्व निरीक्षक से संपर्क किया गया पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### तमिलनाडू व नारायणपुर...

मध्य खेला गया। रोमाचंक मुकाबले को देखने के लिए भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। निर्धारित समय तक एक मात्र गोल तमिलनाडू पुलिस की ओर से जर्सी नम्बर 16 मोहम्मद इदरीश ने मैच के 40 वें मिनट में किया इसके बाद दोनों टीम के कोई भी खिलाड़ी गोल नहीं कर सके। इस मैच में मुख्य निर्णायक संतान के अलावा नितेश, अजीत व संतोष रहे।

### श्याम की आंखों का....

का विशेष सहयोग रहा। छह वर्षीय बालक श्याम को ऑपरेशन के दरमियान एनेस्थीसिया नेत्र सहायक अधिकारी कन्नूर हनुमंत राव द्वारा दिया गया था। उक्त जानकारी स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी मीडिया अधिकारी शकील खान द्वारा दी गई है।

### शहर का कायाकल्प ....

सहित कई मार्गों का उन्नयन,सेंट्रल लाइब्रेरी एवं प्रमुख कार्यालयों के समीप दीवार सौंदर्यीकरण, पार्क निर्माण तथा अन्य संरचनात्मक कार्य शामिल है। जिनसे शहर के स्वरूप में व्यापक बदलाव के साथ जगदलपुर को आधुनिक और आकर्षक नगर के रूप में विकसित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### युवाओं में राष्ट्रनिर्माण....

बढ़ने के बजाय नवाचार और रचनात्मकता के साथ संचालित किए जा रहे हैं ताकि राष्ट्रीय स्तर पर उनकी प्रभावी पहचान बने। कार्यक्रम का संचालन डॉ भुनेश्वर लाल साहू ने किया। जिले के विभिन्न संगठनों से डॉ मौसमी विश्वास, डॉ अर्चना झा,डॉ शशि भूषण कन्नौजे, भागीरथी नायक, लक्ष्मण शुक्ला, रूपा यादव, प्रिंसी दुर्गा सहित लगभग 60 जिला संगठक एवं कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र- 202511161800008/ अ-2/2025-26

ग्राम - गीदम, प.ह.नं. - 17, तहसील - गीदम

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री विकास सिंह पिता श्री रामकुबेर सिंह निवासी गीदम, तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 8959985356 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम - गीदम, प.ह.नं.- 17, रा.नि.मं.- गीदम, तहसील - गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 328 / 2 रकबा 0.0296 हें. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 04/12/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है ।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/11/2025 को जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
(मुहर) **गीदम**

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष


प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान




परामर्श कक्ष

15 वर्षों से आपकी सेवा में






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**



मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

# सक्षम विद्यालय जावंगा में हुआ इंटेक सह व्यावसायिक मूल्यांकन शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में दिव्यांगजनों शिक्षा के साथ सशक्त बनाने में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस क्रम में गीदम विकासखंड अंतर्गत जावंगा के अटल बिहारी वाजपाई एजुकेशन सिटी स्थित सक्षम विशेष बाधारहित आवासीय विद्यालय में श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत रोजगार महानिदेशालय के नेशनल केरियर सर्विस सेंटर जबलपुर, मध्यप्रदेश द्वारा इंटेक सह व्यवसायिक मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय शिविर 11 एवं 12 नवंबर को आयोजित किया गया। जिसमें दंतेवाड़ा जिला समेत बीजापुर, कोंडागांव, बस्तर जिलों से 13 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 237 दिव्यांग लोगों ने सम्मिलित हुए। शिविर में दिव्यांगजनों का कैरियर काउंसलिंग एवं व्यवसायिक मूल्यांकन कर भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय



के पोर्टल में प्रविष्ट करने की प्रक्रिया की गई है। इस शिविर में नेशनल करियर सर्विस सेंटर जबलपुर के कान्ति कुमार देशमुख व्यवसायिक प्रशिक्षण रोजगार एवं रमेश कुमार व्यावसायिक प्रशिक्षण रोजगार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि नैशनल करियर सर्विस सेंटर 1970 की दशक से दिव्यांगों के रोजगार मूलक मूल्यांकन और व्यवसायिक प्रशिक्षण से जोड़ने का कार्य कर रही हैं यह देखा गया है कि दिव्यांग जानकारी के अभाव में सेंटर से प्राप्त सुविधाओं से वंचित होते हैं। इस तरह यह शिविर छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में पहला शिविर रहा। आने वाले समय में दिव्यांगों के लिए सेंटर व्यवसायिक प्रशिक्षण देने पर विचार किया जायेगा। इस शिविर में विशेष सहयोगी सक्षम 1 बालक परिसर के अधीक्षक प्रमोद कर्मा एवं सक्षम 2 बालिका परिसर अधीक्षका रमा कर्मा के साथ विशेष शिक्षकगण तिलेश कटेश्वर, पूनम सिंह, अमित यादव, विक्रम पांडा, टूम्मन साहू, आसमन नाग, कु विनोदनी द्वारा काउंसलिंग तथा मूल्यांकन किया गया।

## खबर संक्षेप

### तारागांव में लगा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

**लोहंडीगुड़ा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहंडीगुड़ा द्वारा संयुक्त विशेष शिविर ग्राम तारागांव में लगाया गया है। शिविर के तीसरे दिन पुलिस विभाग द्वारा बच्चों को साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट, एआई, यौन शोषण, चाइल्ड लेबर इत्यादि विषयों पर जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक रविकुमार बैगा, विश्वराज सोलेकी, छबि ठाकुर, विमला ठाकुर, मेघनाथ भगत, लिकेश ठाकुर, सुलधर, यदुराम एवं कार्यक्रम अधिकारी सरोज पटेल तथा आकाश भगत एवं दल नायक प्रेमराज, दल नायिका इच्छा एवं समस्त स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### पंजीकरण व फिटनेस प्रमाण पत्र नवीनीकरण अनिवार्य

**दंतेवाड़ा।** जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के सभी वाहन स्वामियों के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र एवं उपयुक्तता प्रमाण-पत्र का समय पर नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। ज्ञात हो कि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 45 एवं 56 तथा केंद्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 52 और 62 के अनुसार, वाहन का पंजीकरण या फिटनेस प्रमाण-पत्र अवसान होने के उपरांत वाहन का उपयोग पूर्णतः वर्जित है। कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि जो वाहन स्वामी अपने वाहन का उपयोग निरंतर करना चाहते हैं। उन्हें नियम अनुसार निर्धारित प्रपत्र एवं शुल्क के साथ संबंधित पंजीयन प्राधिकारी के समक्ष नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उपयुक्तता प्रमाण-पत्र के नवीनीकरण के लिए छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के अंतर्गत प्रारूप-22 तथा रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र के नवीनीकरण हेतु प्रारूप-25 में आवेदन प्रस्तुत करना होता है। नियम 81 में निर्धारित शुल्क का भुगतान भी आवश्यक है। परिवहन कार्यालय द्वारा वाहन मालिकों को सचेत किया गया है कि यदि वाहन स्वामी समय पर आर सी के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं करते हैं तो यह माना जाएगा कि वाहन सार्वजनिक स्थानों पर संचालित करने योग्य स्थिति में नहीं है। ऐसी दशा में वाहन से संभावित खतरे या मोटरयान अधिनियम एवं नियमों के उल्लंघन की स्थिति में मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 53(1) के तहत रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र को निलंबित किए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

# तुमकपाल का जर्जर स्कूल बनेगा स्मार्ट, पालकों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को विकासखंड कटेकल्याण के ग्राम पंचायत तुमकपाल पहुंचकर ग्राम वासियों से सीधे संवाद किया और गांव में उपलब्ध सुविधाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया।

आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, राशन वितरण व्यवस्था, प्राथमिक स्कूलों की हालत, पेयजल

■ **कलेक्टर हुए गंभीर, उन्नयन के दिए निर्देश**

उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाएं और ग्रामीणों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं का उन्होंने विस्तार से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर दुदावत शासकीय प्राथमिक स्कूल की जर्जर स्थिति देखकर गंभीर हुए और तत्काल इसके उन्नयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह स्कूल जल्द




ही स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि बच्चों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक शिक्षा का वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने संबंधित विभाग को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर तुरंत काम शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों के साथ चर्चा करते हुए उन्हें उन्नत खेती, मिश्रित फसल प्रणाली और जैविक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि कुलथी, रागी जैसी फसलों के गुणवत्तापूर्ण बीज कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि उत्पादन क्षमता बढ़े और किसानों की आमदनी में सुधार हो। ग्रामवासियों ने पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली, सड़क मरम्मत और वनाधिकार पट्टों से जुड़े मुद्दे भी कलेक्टर के सामने रखे, जिन पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि गांव की बुनियादी आवश्यकताओं को प्राथमिकता पर रखा जाएगा और प्रत्येक समस्या का समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

कलेक्टर ने आंगनवाड़ी में गुणवत्तापूर्ण पोषण की व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए नियमित जांच और बच्चों के स्वास्थ्य मूल्यांकन को अनिवार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गांव में स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से लगाए जाएंगे, युवाओं के लिए कौशल विकास गतिविधियां शुरू की जाएंगी और जिन ग्रामीणों को वनाधिकार का लाभ मिलना है, उनके प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। तुमकपाल के इस निरीक्षण दौरे में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# रजनीश को जिला महामंत्री का दायित्व आर्येन्द्र और नरसिंग बने उपाध्यक्ष








हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने बस्तर जिले की नवीन जिला पदाधिकारियों की टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने शुक्रवार को भाजपा जिला पदाधिकारियों की घोषणा की। भाजपा बस्तर जिला के नये पदाधिकारियों में जिला महामंत्री का दायित्व रजनीश पाणिग्रही व परीसराम बेसरा को सौंपा गया है। जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव, ललिता बघेल, आर्येन्द्र सिंह आर्य, रामकुमारी यादव, सफीरा साहू एवं लखीधर बघेल बनाये गये हैं। जिला मंत्री के रूप में फूल सिंह सेठिया, सुब्रतो विश्वास, नारायण ठाकुर, खितेश मौर्य, किरण सेन व रैतूराम बघेल बनाये गये हैं। जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप देवांगन और सह कोषाध्यक्ष बिपिन मालवीय को बनाया गया है। कार्यालय मंत्री रोहित त्रिवेदी और सह कार्यालय मंत्री राजपाल कसेर को नियुक्त किया गया है। जिला मीडिया प्रभारी आलोक अवस्थी व सह मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार शुक्ला को बनाया गया है। सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश केजी एवं सह सोशल मीडिया प्रभारी सुरेश मिश्रा बने हैं। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने नवीन जिला टीम के सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों से पार्टी की रीति नीति पर सतत काम करते हुये संगठन को मज़बूत बनाने की अपेक्षा की है।

## मनरेगा से निजी तालाब बना आजीविका का मजबूत सहारा

**बीजापुर।** जिले के जनपद पंचायत भोपालपटनम के ग्राम पंचायत बारेगुड़ा की निवासी पेंदम सम्मूबाई के जीवन में मनरेगा योजना ने एक नया उजाला भर दिया। पहले सम्मूबाई अपने परिवार के साथ केवल वर्षा आधारित खेती और मजदूरी पर निर्भर थीं। कृषि योग्य भूमि होते हुए भी सिंचाई सुविधा के अभाव में वे अपनी जमीन से पर्याप्त उत्पादन नहीं ले पाती थीं जिससे परिवार की आय सीमित रह जाती थी। एक दिन खेत में काम करते समय ग्राम रोजगार सहायक फागे वेंकटेश्वर द्वारा उन्हें जानकारी मिली कि महात्मा गांधी नरेगा योजना छोटे किसानों की निजी भूमि पर तालाब निर्माण की सुविधा प्रदान करती है।

# हरसिंह का एकीकृत खेती मॉडल बना प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

ग्राम बिंजाम, विकासखंड गीदम के 57 वर्षीय प्रगतिशील किसान हरसिंह ओयामी आज जिले में जैविक खेती के प्रेरणास्त्रोत के रूप में उभरकर सामने आए हैं। परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए उन्होंने अपनी पूरी कृषि प्रणाली को जैविक, टिकाऊ और लाभदायक मॉडल में परिवर्तित किया है। परिवार के सहयोग, सतत प्रयास और वैज्ञानिक सोच ने उन्हें जिले के अग्रणी जैविक किसानों में शामिल कर दिया है। उल्लेखनीय है कि हरसिंग ओयामी को कृषि विभाग के मार्गदर्शन में पक्का पशु शेड, नाडेप टांका, वर्मी टांका और अन्य जैविक संरचनाओं



का लाभ मिला। इसके अलावा देशी गायों के सुव्यवस्थित पशुपालन ने उनकी जैविक खेती को मजबूत आधार प्रदान किया। हरसिंग ओयामी जैविक कृषि में इतने प्रवीण हो गए है कि अपने खेत में वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र जैसे देशी जैविक कीटनाशक व उर्वरक स्वयं तैयार करते हैं। इससे न केवल कृषि लागत में कमी आई, बल्कि मिट्टी की उर्वरता बढ़ने के साथ-साथ फसलें अधिक गुणवत्तापूर्ण बनीं।उनके कृषि क्षेत्र एवं कृषि पैदावार को को देखना एक सुखद अनुभव देता है। उनकी खेती की सबसे बड़ी विषेषता फसल विविधता है। वे श्री विधि, लाइन विधि और पारंपरिक विधि से देशी धान का उत्पादन करते हैं। साथ ही बैंगन, टमाटर, गोभी, मटर, मूली, गाजर, लाल भाजी, मेथी, दलहन, तिलहन सहित अनेक सब्जियों एवं फसलों की वर्षभर खेती करते हैं। इसके अलावा मिलेटस के तहत रागी, कोदो-कुटकी, का उत्पादन, बागवानी के तहत आम, अमरूद और वाटर एप्पल जैसे फलों की खेती ने उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

# 1188 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पाठ्यक्रम पोषण भी पढ़ाई भी पर आयोजित विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति चखियार खोखर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में यूनिसेफ समर्थित विक्रमसिला एजुकेशन रिसोर्स सोसायटी के जिला समन्वयक जगत मल्होत्रा तथा सभी पर्यवेक्षकों ने मास्टर ट्रेनर के रूप में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। प्रशिक्षण बीजापुर जिले की



छह परियोजनाओं बासागुड़ा, भैरमगढ़, बीजापुर, कुटरू, भोपालपटनम तथा उसूर में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 1188 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी कांता मेश्राम, पूनम सिंह सोम, कल्पना रथ और राजकुमार उसेंडी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के सर्वांगीण विकास, पोषण, भाषा कौशल, सामाजिक सहभागिता तथा व्यवहारिक विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। वीडियो प्रदर्शन, समूह गतिविधियां और रोल-प्ले आधारित अभ्यासों के माध्यम से यह समझाया गया कि खेल-आधारित शिक्षण पद्धति बच्चों की सीखने की क्षमता को प्रभावी रूप से बढ़ाती है।

समापन सत्र में परियोजना अधिकारी कांता मेश्राम ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण का फीडबैक लेते हुए कार्यकर्ताओं को सीख को अपने दैनिक कार्यों में लागू करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

# गौ पालक संघ अध्यक्ष पद पर तीसरी बार दिनेश शर्मा निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गौ पालक संघ के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए बुलाई गई बैठक में भारी तादाद में पहुंचे गौ पालकों ने एक बार फिर सर्वसम्मति से दिनेश शर्मा को अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुन लिया। इस निर्णय के साथ ही शर्मा लगातार तीसरी बार गौ पालक संघ के अध्यक्ष पद का दायित्व संभालेंगे जो गौ पालक समाज में उनकी स्वीकार्यता और कार्य के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाता है। लगातार तीसरी जीत विश्वास और समर्पण का प्रतीक है।सभी ने मिलकर ध्वनि मत से उनके नेतृत्व पर मुहर लगाई। गौ पालकों का कहना है कि दिनेश शर्मा के नेतृत्व में संघ ने किसानों और गौ पालकों की समस्याओं के समाधान के साथ ही गौ वंश की सेवा और संरक्षण के प्रति समर्पित भाव से लगातार कार्य किया है।



उनका तीसरा कार्यकाल गौ पालक संघ के कार्यों को नई दिशा और गति देने का काम करेगा। गौ पालक संघ के अध्यक्ष पद के अतिरिक्त एक और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। वह क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति मर्यादित दंतेवाड़ा के उपाध्यक्ष पद का दायित्व भी संभाल रहे हैं। यह दोहरी भूमिका दर्शाती है कि उनका प्रभाव केवल गौ पालन तक सीमित नहीं है बल्कि वे दुग्ध उत्पादन और सहकारिता के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। किसानों और गौ वंश के प्रति समर्पित नए कार्यकाल में संघ का मुख्य फोकस किसानों की लंबित समस्याओं को उठाना और उनका समाधान करना रहेगा। इसके साथ ही गौ वंश के संरक्षण, संवर्धन और गौ पालकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना भी प्राथमिकताओं में शामिल है।

## डीए और एरियर्स की मांग के लिए चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान

**गीदम।** प्रदेश के पांच लाख कर्मचारियों और डेढ़ लाख पेंशनरों को जुलाई महीने से महंगाई भत्ता और वर्ष 2017 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की मांग को लेकर मुख्य सचिव के नाम पूरे प्रदेश में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि करन सिंह अटेरिया के नेतृत्व में अभियान की शुरुआत सरगुजा में महामाया देवी दर्शन के बाद किया गया है। एक मांग एक मंच हस्ताक्षर अभियान दंतेवाड़ा जिला में भी जोर शोर से जारी है। विभिन्न विभागों के कर्मचारी अपने हक के लिए हस्ताक्षर मुख्य सचिव के नाम कर रहे हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, आजाकवि कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों कर्मचारियों जिला के पेंशनरों ने हस्ताक्षर अभियान का खुलकर समर्थन किया है। स्वास्थ्य विभाग, जीएसटी विभाग, नगरी प्रशासन, ग्रामोद्योग, मत्स्य विभाग, सहकारिता, फूड एवं ड्रग्स, नागरिक आपूर्ति, फूड विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, आर्थिक सांख्यिकी, जल संसाधन विभाग, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, संस्थागत वित्त, पेंशन, तकनीकी शिक्षा के अधिकारी और कर्मचारी अपना हस्ताक्षर कर चुके हैं। अटेरिया ने बताया कि रायपुर राजधानी स्थित जल संसाधन विभाग और क्षेत्रीय कार्यालय जीएसटी सहित उपसंचालक कृषि, लोक निर्माण विभाग सिविल और ई एंड एम के साथ-साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग के 100 प्रतिशत कर्मचारी अधिकारी मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन में हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दे चुके हैं।

# शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में मना एनसीसी का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल में एनसीसी का स्थापना दिवस मनया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रंगारंग कार्यकम के साथ उत्साहपूर्वक एनसीसी दिवस मनया गया। किरंदुल क्षेत्र के अंतर्गत सभी शासकीय स्कूलों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। एनसीसी दिवस के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह थी जिन्हे एनसीसी परेड की सलामी दी गई। इसके पश्चात भगवान सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुरुवात किया गया। इसके पश्चात सभी स्कूलों के द्वारा सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष ने स्कूल के सभी बच्चों को एनसीसी में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया एनसीसी स्थापना दिवस पे सभी स्कूलो के प्राचार्य उपस्थित थे। इस कार्यकम को एसएमडी अध्यक्ष अतुल सिंह, शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य मगरीता टोपो,



एनएमएस से डॉक्टर तेज प्रकाश, शिक्षा विभाग से आबो मनोज सिंह राठौर सभी ने कार्यकम को सफल बनाया। इस कार्यकम में नगरपालिका सीएमडी शशीभुषण महापात्र, पार्षद के. साजी, पार्षद अनिल मरकाम, थामस बाबू, भाजपा महामंत्री मोहित धवन, नजबूल हक सहित शहर के गणमान नागरिक उपस्थित थे। इस सफल कार्यकम विद्यानगर हाई स्कूल में किया गया।

# ग्रामीण कृषि स्नातक संघ के अध्यक्ष जोशी और साहू उपाध्यक्ष चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

ग्रामीण कृषि स्नातक संघ की जिला कार्यकारिणी के चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। गीदम ब्लॉक में विकास जोशी को अध्यक्ष और चोवाराम साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। दंतेवाड़ा ब्लॉक में दिनेश पटेल अध्यक्ष और सुरेंद्र पाल उपाध्यक्ष बनाए गए। कटेकल्याण ब्लॉक में राजेंद्र नेताम अध्यक्ष और पी लोकेश उपाध्यक्ष चुने गए। कुआकोण्डा ब्लॉक में राजेंद्र शिवना अध्यक्ष और जागेश्वर मांडवी उपाध्यक्ष बनाए गए। जिला कार्यकारिणी में सुरेश सवरागिरी जिला अध्यक्ष, अनीश



यादव को उपाध्यक्ष, ज्ञानेंद्र नेताम को कोषाध्यक्ष, संदीप गोरला को सचिव और सामेल कुंजाम व आलोक सिंह को मीडिया प्रभारी बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में सामेल कुंजाम, संरक्षक के रूप में केआर कश्यप और दिलीप साहू को जगह दी गई है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन के सदस्यों ने उनके नेतृत्व में ग्रामीण कृषि स्नातकों के हित में काम करने की उम्मीद जताई है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश सवरागिरी ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और ग्रामीण कृषि स्नातकों के हित में काम करने का संकल्प लिया।

# मत्स्य पालन के साथ झींगा उत्पादन से कृषकों को होगा दोहरा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

मत्स्य पालन कृषकों के लिए सदैव अतिरिक्त आर्थिक लाभ की दृष्टि से लोकप्रिय कार्यक्षेत्र रहा है। चाहे समूह में अथवा व्यक्तिगत हो अगर मत्स्य पालन को वैज्ञानिक एवं व्यवसायिक दृष्टिकोण एवं विभागीय मार्गदर्शन से अपनाया जाए तो यह कृषकों के लिए फायदे का सौदा साबित होता है। इस तारतम्य में अब मत्स्य विभाग कृषकों को मत्स्य पालन के साथ-साथ झींगा उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। ज्ञातव्य है कि मत्स्य से जुड़े पोखरों, स्वनिर्मित तालाबों में झींगा पालन आसानी से किया जा सकता है। इसके पालन उत्पादन एवं मार्केटिंग के लिए विभागीय कार्ययोजना भी बनाई गई है। इस क्रम में मत्स्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि जिले के कृषक शासन के नवीन योजना पॉलिकल्चर अंतर्गत मत्स्य उत्पादन के साथ-साथ झींगा उत्पादन भी करेंगे। इस योजना अन्तर्गत जिले के 9 हितग्राही सधाम, सन्तुराम, फुलनार, नाहरूराम कवासी नागुल, अजय कष्यप



मड़से, रविद्र नेगी बारसूर, ताती पोदिया टिकनपाल, राजेश राना हल्बारास, राजू नाग मैलावाड़ा, सोनाराम मंडावी, मारहराकरका चयनित है। योजना के सफल कियान्वयन हेतु विभाग द्वारा सर्वप्रथम इन हितग्राहियों को कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से तकनीकी प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। शासन की योजना अनुसार इन्हें दिए गए अनुदान में मेजर कार्प प्रजाति का मछली बीज रोहु, कतला, ग्रास कार्प, के साथ ही झींगा बीज जुवेनाईल प्रदाय किया गया। इसके साथ ही इन्हें कृषकों को उत्पादन बढ़ाने परिपूरक आहार भी दिया गया।

